जनसत्ता

29th January, 2013

वेलव्यू में घुटना प्रत्यारोपण की नई तकनीक

कोलकाता, 28 जनवरी (जनसत्ता)। महानगर कोलकाता के वेलव्यू क्लीनिक में नई व अत्याधुनिक तकनीक यानी एडवांस कंप्यूटर सहायता-प्राप्त घुटना व कमर (नी एंड हिप रिप्लेसमेंट) प्रत्यारोपण शुरू हो गया है। सोमवार को इसकी शुरुआत हुई। इस मौके पर वेलव्यू क्लीनिक के सीईओ पी टंडन, डॉ. कृष्ण किरण, डॉ. दिलीप कुमार मजुमदार, डॉ. संतोष कुमार जैसे मशहूर डॉक्टर उपस्थित थे। बाद में टंडन ने पत्रकारों को बताया कि जर्मनी से यह नई तकनीक मंगाई गई है। कोलकाता के किसी अस्पताल में यह तकनीक नहीं है। उन्होंने बताया कि वेलव्यू में हर माह पैंतीस से चालीस घुटने या फिर कमर का प्रत्यारोपण होता था। नई तकनीक के आने से इसमें और ज्यादा गति आ जाएगी। उन्होंने बताया कि छह दिन के भीतर मरीज स्वस्थ होकर चलने-फिरने लगेगा।